# कार्यालय जिला पंचायत–भदोही।

पत्रांक 112/जि0पं0भ0/2026–2027 दिनांक– 07/5/2026

## ई–टेण्डरिंग सूचना

जिला पंचायत भदोही के पंजीकृत ठेकेदारो के साथ–साथ प्रदेश के अन्य जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के सिचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत भदोही के वित्तीय वर्ष 2025–26 पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत 01 कार्य लेपन, वर्ष 2025–26 पन्द्रहवां वित्त आयोग (अनटाइड ग्रान्ट) योजनान्तर्गत 02 कार्य सी0सी0 एवं पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाइड ग्रान्ट) योजनान्तर्गत 06 कार्य जल निकासी हेतु पाइप नाली निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ई–निविदा निकाली जा रही है। ई–निविदा आन लाइन दिनांक– 11.05.2026 को 12 बजे दिन से दिनांक– 02.06.2026 को 12 बजे दिन तक ई–टेण्डरिंग वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा, जिसे उक्त वेबसाइट पर दिनांक–11.05.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे दिन से दिनांक– 02.06.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे दिन तक डाउनलोड/सबमिट किया जा सकता है और दिनांक– 02.06.2026 को अपरान्ह 2.00 बजे से कार्य समाप्ति तक निविदा समिति के समक्ष ई–टेन्डर खोला जायेगा। तदनुसार तकनीकी निविदा मूल्यवान (Technical Bid Evaluation) उपरान्त पायी गयी वैध निविदाओं की वित्तीय निविदा (Financial Bid) खोले जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। जिला पंचायत निर्माण कार्य नियमावली–1984 में वर्णित प्राविधानों के अनुसार किसी/सभी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा। विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत है :–

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड का नाम | कार्य का नाम/प्रकार | लम्बाई किमी0 में | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (2%) (रू0 में) | टेन्डर मूल्य + GST (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | पंचम राज्य वित्त आयोग वर्ष 2025–26 | | | | | |
| 1 | अभोली | ग्रामसभा सेमरा में पुलिया के पास सेमरा इण्टरलाकिंग रोड से बाबा तिवारी के घर की ओर खडन्जा पर लेपन कार्य। | 0.415 | 1344565 | 26900 | 500+GST | 03 माह |
| | | पन्द्रहवां वित्त आयोग (अन टाइड ग्रान्ट) वर्ष 2025–26 | | | | | |
| 2 | सुरियावां | बदलीपुर विष्णुपुर पक्की सड़क से स्व0 इन्द्रजीत यादव के घर की ओर सी0सी0 रोड कार्य। | 0.128 | 670344 | 13500 | 500+GST | 03 माह |
| 3 | अभोली | ज्ञानपुर दुर्गागंज रोड से पावर हाउस होते हुए ठाकुर बस्ती की तरफ (पयासीपुर) सी0सी0 रोड कार्य। | 0.280 | 1440680 | 28900 | 500+GST | 03 माह |
| | | पन्द्रहवां वित्त आयोग (टाइड ग्रान्ट) वर्ष 2025–26 | | | | | |
| 4 | औराई | ग्रामसभा जगरनाथपुर में प्रभाकर पाण्डेय व रजनीश पाण्डेय के मकान से तालाब की ओर जल निकासी हेतु पाइप नाली निर्माण कार्य। | 0.111 | 342177 | 6900 | 500+GST | 03 माह |
| 5 | औराई | ग्रामसभा मूलापुर विश्वनाथ गौड़ के घर से सिब्बू सिंह के घर होते हुए तालाब की ओर जल निकासी हेतु पाइप नाली निर्माण कार्य। | 0.378 | 995867 | 20000 | 500+GST | 03 माह |
| 6 | औराई | ग्रामसभा परानापुर तिउरी में बरांत विश्वकर्मा के घर से ईट भठ्ठा होते हुए नाला की तरफ जल निकासी हेतु पाइप नाली निर्माण कार्य। | 0.451 | 1183781 | 23700 | 500+GST | 03 माह |
| 7 | औराई | ग्रामसभा खेतलपुर कन्हैया यादव के घर से तालाब की ओर जल निकासी हेतु पाइप नाली निर्माण कार्य। | 0.402 | 1058529 | 21200 | 500+GST | 03 माह |
| 8 | ज्ञानपुर | ग्रामसभा सहसीपुर के अन्तर्गत बयांव के संतोष पाण्डेय पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा के मकान से दक्षिण तरफ जल निकासी हेतु पाइप नाली निर्माण कार्य। | 0.252 | 665181 | 13400 | 500+GST | 03 माह |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | भदोही | सवरपुर में अमरजीत यादव के घर से लोलारख के मशीन तक जल निकासी हेतु पाइप नाली निर्गाण कार्य। | 0.461 | 1238182 | 24800 | 500+GST | 03 माह |

ठेका शर्तें :–

1. प्रत्येक निविदा के साथ पृथक–पृथक धरोहर धनराशि कालम (06) टेण्डर फार्म शुल्क किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत एफ0डी0आर0 जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत भदोही के नाम बन्धक हो अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट, RTGS, Neft/Internet Banking के माध्यम से जिला निधि खाता संख्या 28250100020928 आई0एफ0एस0सी0 कोड–BARB0GYANBS बैंक आफ बड़ौदा, ज्ञानपुर में जमा किया जा सकता है अथवा जिला पंचायत भदोही के रोकड़िया के पास नगद जमा कर रसीद की स्कैन कापी टेण्डर फार्म के साथ अपलोड़ करना अनिवार्य होगा तथा इसकी मूल प्रति टेण्डर खोलते समय कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
2. निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य होगा। निविदा डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफाइड एजेन्सी द्वारा जारी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। इसके न होने पर निविदा डालना सम्भव नही होगा।
3. तकनीकी बिड खोलते समय निविदादाता को अपने समस्त अभिलेखों को टेण्डर समिति के मांगने पर दिखाया जाना अनिवार्य होगा। अन्यथा अस्पष्ट अभिलेख होने की दशा में तकनीकी बिड में इसे अनर्ह घोषित कर दिया जायेगा।
4. पंजीकृत ठेकेदार को निविदा के साथ श्रम विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र, पंजीयन/नवीनीकरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र–टी4, हैसियत प्रमाण पत्र–टी5 एवं अन्य जिला पंचायतों/सिचाई विभागों व लोक निर्माण विभागों द्वारा जारी रजिस्टेशन प्रमाण पत्र को स्कैन कर निविदा डालते समय अपलोड़ करना अनिवार्य होगा। उक्त प्रपत्र वैधता तिथि के अन्दर पाये जाने पर ही टेक्निकल/फाइनेशियल बिड खोले जाने की कार्यवाही की जायेगी।
5. निर्माण कार्यो से जी0एस0टी0/लेबर सेस/अन्य कटौतियॉ समय–समय पर शासन से प्राप्त दिशा निर्देशो के अनुसार ठेकेदार के बिलो से कटौती की जायेगी।
6. अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज अनुभाग–3 उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26 अप्रैल, 2022 द्वारा पंचायतीराज विभाग से जुडे पदाधिकारियों/कर्मी (जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत के कर्मी, जिला पंचायत राज अधिकारी, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, ग्राम पंचायत सचिव, पंचायत सहायक, पंचायतीराज विभाग के कर्मी व विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यो व रिश्तेदारो द्वारा स्थापित फर्म/कम्पनीज से वेण्डर के रूप में कार्य नही लिया जायेगा। परिवार/सम्बन्धी का तात्पर्य जिला पंचायत सेवा नियमावली, 1970 के पैरा–54 के अनुसार पिता, पितामह, ससुर, चाचा या मामा, पुत्र, पौत्र, दामाद, भाई, भतीजा या भांजा सगा चचेरा या ममेरा भाई, पत्नी का भाई और बहनोई, पति, पति का भाई, पति की बहन, पत्नी की बहन, पत्नी, पुत्री, पुत्रवधु, भाभी, जो भाई या सगे चचेरे या ममेरे, भाई की पत्नी हो, माता, सास, चाची या मामी से है। प्रत्येक निविदादाता को 100.00 रू0 के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर जिला पंचायतों में कार्यरत किसी पदाधिकारी, सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी के निकट सम्बन्धी (रक्त सम्बन्ध) न होने, वार एसोसिएशन में पंजीकृत न होने का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।
7. कार्य के अनुबन्ध के पश्चात परियोजनाओं एवं श्रमिक का श्रम विभाग से पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
8. निविदा सूचना में अंकित कोई परियोजना यदि किसी अन्य विभाग द्वारा पूर्व में निर्मित/प्रस्तावित अथवा स्वीकृत पायी जाती है तो वह तत्काल निरस्त कर दी जायेगी।
9. लेपन प्रकृति के कार्य पर ई–निविदा में प्रतिभाग करने हेतु निविदादाता/फर्म के स्वयं अथवा किराये पर आवश्यक मशीनरी आदि से सम्बन्धित नियमानुसार आवश्यक अभिलेख/शपथ पत्र टेक्निकल बिड के साथ संलग्न कर ई–टेण्डर पोर्टल पर अपलोड़ करना अनिवार्य होगा।
10. शासन द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देश (गाइड लाइन) का पालन करना अनिवार्य होगा।
11. "मेरे द्वारा प्रस्तुत सभी प्रमाण–पत्र सत्य है" इस आशय का प्रमाण–पत्र समस्त ठेकेदारों को 10 रू0 के स्टैम्प पर शपथ–पत्र के साथ स्कैन कर अपलोड़ करना अनिवार्य होगा।
12. किसी भी प्रकार के शुद्धि पत्र की जानकारी सम्बन्धित वेबसाइट पर ही दी जायेगी।
13. अन्य जिला पंचायतों एवं सिचाई विभागों व लोक निर्माण विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों की न्यूनतम निविदा प्राप्त होने की दशा में जिला पंचायत भदोही में पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क/डिमाण्ड ड्राफ्ट/ई–वैकिंग के माध्यम से एवं रोकडिया के पास नगद जमा कर रसीद प्राप्त किया जा सकेगा। तदोपरान्त एक सप्ताह के अन्दर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। निविदा की शर्तो के अनुसार जमानत आदि की धनराशि जमा करते हुए अनुबन्ध गठित किया जायेगा।
14. स्वीकृत परियोजनाओं पर भुगतान की कार्यवाही धन की उपलब्धता के अनुसार किया जायेगा।
15. निविदादाताओं को टेण्डर के साथ कराये गये समान कार्यो के अनुभव प्रमाण पत्र (जैसे– लेपन कार्य पर लेपन का अनुभव प्रमाण–पत्र, सी0सी0 कार्यो पर सी0सी0 का अनुभव प्रमाण–पत्र एवं पाइप नाली निर्माण कार्य पर पाइप नाली का अनुभव प्रमाण–पत्र) की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। ऐसा न किये जाने की दशा में निविदा पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

पृ0सं0 /तद्दिनांक।

प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 अध्यक्ष महोदय, जिला पंचायत भदोही को सादर अवलोकनार्थ।
2. कार्यालय जिलाधिकारी, भदोही के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. कार्यालय जनपद न्यायाधीश/तहसीलदार, ज्ञानपुर,भदोही,औराई–भदोही के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
4. कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी भदोही के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग भदोही के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

6. कार्यालय जिला पंचायत भदोही के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
7. वित्तीय परामर्शदाता, जिला पंचायत भदोही को इस आशय से प्रेषित कि उक्त दिनांक को समय से उपस्थित होने का कष्ट करें।
8. समस्त कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भदोही के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
9. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, भदोही को इस अनुरोध के साथ कि जनपद भदोही के वेबसाइट Bhadohi.nic.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।
10. ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर, भदोही।

(बाल गोविन्द शुक्ल)
अपर मुख्य अधिकारी
मुख्य विकास अधिकारी
भदोही

Signature Not Verified
Digitally signed by BALGOVIND SHUKLA
Date: 2026.05.08 18:40:45 IST
Location: Uttar Pradesh-UP